प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
09.03.2025/प्रादेशिक समाचार/09.20 बजे

बजट सत्र

प्रदेश विधानसभा का बजट सत्र कल से शिमला में शुरू होगा जो 28 मार्च तक चलेगा। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने बताया कि सत्र के दौरान कुल 16 बैठकें होंगी। सत्र दोपहर बाद 2 बजे राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल के अभिभाषण के साथ शुरू होगा। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू 17 मार्च को वित्त वर्ष 2025-26 का बजट सदन में पेश करेंगे और 26 मार्च को बजट पारित किया जाएगा। बजट सत्र के लिए 9 सौ 63 सवाल सदस्यों से मिले हैं जिनमें 7 सौ 37 तारांकित और 2 सौ 26 अतारांकित प्रश्न हैं। 22 व 27 मार्च के दिन गैर सरकारी कार्य सदस्य दिवस के लिए निर्धारित किए गए हैं। सत्र से पहले आज विधानसभा कुलदीप ंिसह पठानिया ने सर्वदलीय बैठक बुलाई है जिसमें पक्ष व विपक्ष के सदस्यों से सदन में सार्थक चर्चा को लेकर बातचीत की जाएगी।

---बाईट---- विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप पठानिया-----

बजट सत्र--2

इस बीच भाजपा विधायक दल की बैठक आज शाम शिमला में को होगी। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में सत्र को लेकर रणनीति बनाई जाएगी। बैठक में भाजपा के हिमाचल प्रभारी श्रीकांत शर्मा व पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद रहेंगे। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस पार्टी कल सुबह विधानसभा सत्र को लेकर अपनी रणनीति तय करेगी।

श्रम-पोर्टल

श्रम मंत्रालय ने ऑनलाइन प्लेटफार्म का उपयोग करके किसी संगठन के साथ काम करने वाले श्रमिकों से आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना का लाभ उठाने के लिए ई-श्रम पोर्टल पर स्वयं को पंजीकृत करने का अनुरोध किया है। यह योजना देश के 31 हजार से अधिक सार्वजनिक और निजी पैनलबद्ध अस्पतालों में द्वितीय और तृतीय श्रेणी के स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं के लिए प्रति परिवार प्रति वर्ष पांच लाख रुपये का कवरेज प्रदान करती है। देश की अर्थव्यवस्था में गिग और ऑनलाइन प्लेटफार्म से नौकरी प्राप्त करने वाले श्रमिकों के योगदान को स्वीकार करते हुये केन्द्रीय बजट में ई-श्रम पोर्टल पर इनका पंजीकरण करने,पहचान पत्र जारी करने और स्वास्थ्य देखभाल का प्रावधान किया गया है।

विधानसभा

मंडी जिले के रिवालसर में गुरु पद्म संभव की याद में मनाए जाने वाला तीन दिवसीय राज्य स्तरीय छेश्चू मेला का तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कल शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि रिवालसर को तीर्थ स्थल व पर्यटक स्थल के तौर पर विकसित करने के लिए मास्टर प्लान बनाया जाएगा। अधिक बयौरा इस रिपोर्ट में................

राज्य स्तरीय छेश्चू मेला एक प्रसिद्ध मेला है। तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि इस क्षेत्र के अंतर्गत तीन महीने के अन्दर मास्टर प्लान बनाया जाएगा। इसके तहत यहां की मूलभूत सुविधाओं को विस्तार दिया जाएगा। रिवालसर तीन धर्मों का धर्म स्थल है और यह मेला धार्मिक सौहार्द का अदभुत उदाहरण है। तिब्बत और भूटान में बौद्ध धर्म को पहुंचाने का श्रेय गुरू पद्मसंभव को जाता है।

समाचार कक्ष से मैं कौशल्या शर्मा ।

<u>चैपियंस ट्रॉफी-क्रिकेट</u>

भारत ने छठी एशियाई महिला कबड्डी चैंपियनशिप का खिताब जीत लिया है। तेहरान में कल फाइनल में भारत ने ईरान को 32-25 से पराजित किया। इससे पहले भारत ने कल सेमीफाइनल में नेपाल को हराया था। भारतीय टीम ने प्रतियोगिता का पांचवीं बार खिताब जीता है। उल्लेखनीय है कि इस प्रतियोगिता में भारतीय टीम में शामिल प्रदेश की पांच खिलाड़ियों का योगदान महत्वपूर्ण रहा।

इस बीच आज दुबई में आईसीसी चैपियन्स ट्रॉफी क्रिकेट के फाइनल में आज भारत का सामना न्यूजीलैंड से होगा। यह मैच भारतीय समय के अनुसार दोपहर ढाई बजे से शुरू होगा। भारत ने इस टूर्नामेंट में अभी तक सभी मैच जीते हैं और ग्रुप मैच में न्यूज़ीलैंड को 44 रन से हराया था।

<u>मौसम</u>

प्रदेश के अधिकांश भागों में आज मौसम बना हुआ है हालांकि मौसम विभाग ने आज से प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने की संभावना जताई है जिसके चलते प्रदेश के कुछ स्थानों में बर्फबारी व वर्षा होगी।

और अब सुर्खियां समाचार पत्रों से...

पंजाब केसरी मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के हवाले से लिखता है-सभी पात्र महिलाओं को देंगे एक हजार पांच सौ रुपये बजट मंे रखेंगे खास ख्याल। पंजाब केसरी लिखता है-स्टेट कैडर में नहीं होगा बदलाव, पटवारी-कानूनगो की पदोन्नति में बाधा नहीं आने दी जाएगी। हिमाचल दस्तक के शब्द हैं-जयराम सरकार को रोशनी देकर प्रदेश की संपदा लुटने से बचा सकते थे नड्डा। आपका फैसला का कहना है-सीएम ने बेहतरीन कार्य करने वाली महिलाओं को नवाजा।

पंजाब केसरी की सुर्खी है-शिमला पुलिस ने चिट्टे के साथ पकड़े गए सरकारी विभागों के 24 कर्मचारियों की सूची सरकार को कार्रवाई के लिए भेजी।

इसी के साथ ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ।